>

Title : Need to send a team of National Vector Borne Disease Control Programme Unit to check the spread of various mosquito-borne diseases in Western Rajasthan particularly in Bikaner Parliamentary Constituency.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** मैं राजस्थान में विशेषकर पश्चिमी राजस्थान तथा मेरे संसदीय क्षेत्र बीकानेर में मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू के कहर से माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। बीकानेर शहर के अन्दरूनी इलाकों में हजारों की संख्या में रोजाना इन रोगों के नये पॉजेटिव रोगी पाये जा रहे हैं और मृत्यु की घटनाओं में भी निरन्तर बढ़ोत्तरी हो रही है। बीकानेर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनका कहर बरकरार है। बीकानेर के मलेरिया विभाग की हालत यह है कि पिछले एक माह से मशीन खराब होने के कारण फोगिंग की व्यवस्था भी संभव नहीं हो पा रही है। जनप्रतिनिधि उद्वेलित हैं। रोजाना मीडिया में खबरें प्रकाशित हो रही हैं लेकिन इन रोगों पर नियंत्रण पाने हेतु आवश्यक कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। नेशनल वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम यूनिट को सक्रिय करने एवं उनकी टीम को बीकानेर भेजने की मांग मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से करता हूं ताकि बीकानेर संसदीय क्षेत्र में फैल रहे मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू के कहर से लोगों को राहत मिल सके।